## सार-समाचार

### दूधाधारी मंदिर से कावड़ यात्रा निकाली

**कोटा,** (निसं)। श्री हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में दूधाधारी मंदिर लाडपुरा से कावड़ यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप लोहमी ने बताया कि कावड़ यात्रा दूधाधारी मंदिर से प्रारंभ होकर ढोल बाजे के साथ छोटी समाध, शिव मंदिर तक गई। वहां पहुंचकर सभी महिलाओं ने शिवजी का जलाभिषेक किया। उसके पश्चात सभी कावड़ यात्री जल लेकर दूधाधारी मंदिर गए तथा वहां पर सभी ने शिव जी का जलाभिषेक किया। महिला प्रमुख मनोरमा राठौर ने बताया कि कावड़ यात्रा में शिव पार्वती जी की झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। पंडित कुलदीप लोहोमी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने स्वयं कावड़ लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। कावड़ यात्रा से पूर्व राकेश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू सोनी, रामपुरा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश महावर, मंडल प्रतिनिधि महेंद्र गर्ग ने सभी महिलाओं को तुलसी जी व फलों के पौधे वितरित किए। आरएसएस के सामाजिक समरसता विभाग संयोजक महेश गौतम ने कहा कि कावड़ यात्रा सनातन समाज को एकजुट करके सामाजिक समरसता को प्रकट करने का भव्य कार्यक्रम है। कार्यक्रम में आशा राठौर, रेणु राठौर, विकास गौतम, अर्चना खत्री, रुक्मणी महावर, कुसुमलता लोहमी, मृणालिनी लोहोमी, गिरीश भाई पटेल, नरेंद्र चौरसिया, रुद्रांश लक्ष व गोलू महावर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिलीप चतुर्वेदी, महामंत्री उमेश मेहरा, केशव मित्तल एवं अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय वन महोत्सव में कोटा के नवाचारों की मुख्यमंत्री ने सराहना

**कोटा,** (निसं)। राज्य स्तरीय वन महोत्सव 2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कोटा जिले की ओर से डीएफओ श्री अपूर्व श्रीवास्तव ने सहभागिता करते हुए जिले की पर्यावरणीय उपलब्धियों, नवाचारों और संरक्षण कार्यों की जानकारी साझा की। डीएफओ श्रीवास्तव द्वारा मुख्यमंत्री को कोटा जिले के गोपाल पक्षी विहार वेटलैंड (कनवास), ड्रोन से बीजारोपण तकनीक, स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण, और सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा कोटा में पौधरोपण के लक्ष्य के साथ किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति राज्य स्तर पर दी गई, जिसे मुख्यमंत्री सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना प्राप्त हुई। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कोटा जिले ने नवाचार की दिशा में अग्रसर होते हुए ऐसी विशिष्ट तकनीक विकसित की है, जिससे जलमग्न क्षेत्रों में भी मगरमच्छ जैसे वन्यजीवों का सुरक्षित प्रबंधन संभव हुआ है। यह तकनीक न केवल राजस्थान बल्कि देशभर में वन्यजीव प्रबंधन के क्षेत्र में कोटा को अग्रणी बनाती है। कोटा जिले की इन पहलों को राज्य स्तर पर स्थान मिलने से जिले की कार्यशैली, तकनीकी नवाचार एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण की राज्यभर में प्रशंसा हुई है, जो सम्पूर्ण जिले के लिए गर्व का विषय है।

### 'भोजन नहीं, भजन से बढ़ती है आत्मा की शक्ति'

**कोटा,** (निसं)। गुरु आस्था परिवार कोटा के तत्वावधान में तथा सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के आमंत्रण पर, तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक एवं जैनाचार्य प्रज्ञासागर मुनिराज का 37वां चातुर्मास महावीर नगर प्रथम स्थित प्रज्ञालोक में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हो रहा है। गुरु आस्था परिवार के महामंत्री नवीन दौराया ने बताया कि गुरु पूजन पुण्यार्जक ग्रुप दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, सार्थक कोटा, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र विराजमान, आरती एवं पूजन जैसे मंगल अवसरों का पुण्य सौभाग्य मिलापचंद, सुरेंद्र, ललित, सुशील जैन एवं समस्त अजमेरा परिवार महावीर नगर प्रथम कोटा ने किया। संचालन अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने किया। शैलेन्द्र जैन ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन मडिया, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, एडिशन एसपी पवन जैन, जगदीश जिंदल, रिद्धि सिद्धि युवा मंडल पदाधिकारी, सकल समाज के महामंत्री पदम बडला ने गुरूदेव को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पवन जैन ने हरित भारत पर अपने विचार भी रखे और पौधारोपण के लिए आव्हान किया। जैनाचार्य प्रज्ञासागर महाराज ने अपने प्रवचनों में गृहस्थ और मुनि जीवन की तुलना करते हुए कहा कि दोनों की दिनचर्या, कर्तव्य और आचरण अलग-अलग होते हैं, परंतु प्रत्येक को अपने धर्म का पालन करते हुए आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होना चाहिए।

### शोक भरे माहौल में नेत्रदान सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। कोटा के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुन्हाड़ी निवासी विद्या सिंघल के मरणोपरांत उनका नेत्रदान आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा करवाया गया। अध्यक्ष के. के. कंजोलिया ने बताया कि विद्या सिंघल की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने के बाद उनके पति रिटायर्ड चीफ इंजीनियर हेमंत सिंघल ने की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। ज्योत मित्र एवं समाजसेवी डॉ. अमित सिंह राठौड़ ने बताया कि विद्या सिंघल की मृत्यु हृदय गति रूकने की वजह से हुई। ईबीएसआर के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने उनके स्व निवास पर उपरान्त परिजनों से वार्ता कर नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न की गई। नेत्रदानी स्व. विद्या सिंघल अपने जीवन के 65 बसंत देख चुके थी। आई बैंक सोसायटी के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने नेत्रदान प्रक्रिया को पूरा किया गया। परिवार पर्यावरण प्रेमी होने के नाते दाह संस्कार विद्युत शवग्राह में करवाया गया। विद्या सिंघल अपने पीछे एक पुत्र व दो पुत्रियों के भरापूरा परिवार छोड़ कर चली गई। ज्योति मित्र राठौड़ ने ने स्व. विद्या सिंघल के परिवार को इस पुण्य कार्य हेतु हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अन्यों की जिन्दगी रोशन करने के प्रयास को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

### अतिवृष्टि के मद्देनजर कोटा जिले में 28 व 29 जुलाई को विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित

**कोटा,** (निसं)। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार कोटा जिले में भारी से अतिभारी वर्षा तथा कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा की प्रबल संभावना को देखते हुए जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत दो दिवसीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर बताया कि जिले में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में दिनांक 28 जुलाई (सोमवार) एवं 29 जुलाई (मंगलवार) को विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। विद्यालयों के शेष शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ यथावत कार्यरत रहेंगे तथा इस अवधि में पूर्वनिर्धारित परीक्षाएं यथावत आयोजित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### 'तपस्या से बनती है दिव्य काया'

**कोटा,** (निसं)। विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों गहन आध्यात्मिक साधना, आत्मचिंतन और धर्मानुराग का केंद्र बना हुआ है। आचार्य विराग सागर महाराज एवं विशुद्ध सागर महाराज की प्रभावना में, गणिनी आर्यिका विभाश्री एवं आर्यिका विनयश्री (ससंघ) के सान्निध्य में 13 पिच्छियों सहित चातुर्मास आयोजन भव्य रूप से चल रहा है। गणिनी आर्यिका विभाश्री ने अपने भक्तामर रहस्य प्रवचन में कहा कि हमें अपने शरीर को केवल भोग-विलास का साधन न मानकर आत्मकल्याण की साधना का माध्यम समझना चाहिए। उन्होंने कहा, यह मानव जीवन अत्यंत अनमोल है और इसका उद्देश्य तप, संयम, ज्ञान और धर्म के मार्ग पर चलकर आत्मोन्नति प्राप्त करना है। उन्होंने त्रिलोक के अधिपति तीर्थंकर भगवान की काय वर्णना करते हुए कहा कि उनका शरीर जन्म के समय श्यामवर्ण का होता है, किंतु घोर तपस्या और साधना के पश्चात वही शरीर पारदर्शी, आभायुक्त एवं स्वर्णवत दिव्य काय में परिवर्तित हो जाता है।

### आज महाकाल की पालकी निकलेगी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में सावन के तीसरे सोमवार यानी 28 जुलाई को महाकाल की पालकी निकाली जाएगी। जिसमें ढोल, नगाड़े सहित तोपो की सलामी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।श्रीश्याम सेवा मण्डल के तत्वावधान में पालकी शोभायात्रा नदी दरवाजे से सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी, जो अलीगंज बाजार, आजाद सर्किल, धरनावदा चौराहा, इंद्रा कॉलोनी होती हुई राधाकृष्ण मंदिर पर पहुंचेगी। यहां विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। धार्मिक कार्य की तैयारियों को रविवार अंतिम रूप दिया गया।

# जर्जर एवं असुरक्षित भवनों का निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट तैयार करें : प्रभारी मंत्री

- **अतिरिक्त मुख्य अभियंता को जानकारी ना होने पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई**
- **'कोई भी दुर्घटना होने पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए'**

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले के प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी सरकारी इमारतों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला स्तर पर भी इसके लिए स्थाई समिति गठित की गई है। यह समिति जर्जर एवं असुरक्षित भवनों का चिन्हिकरण कर रिपोर्ट तैयार करे और असुरक्षित भवनों की समय पर मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि समिति असुरक्षित भवनों, पुलों एवं क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण कर सुरक्षा व अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार करना सुनिश्चित करे। साथ ही, उपखंड स्तर पर भी असुरक्षित भवनों, पुलों एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की सुरक्षा अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार की जाए।

दक रविवार को यहां कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट में बिना भवन के और जर्जर विद्यालयों के नवीन भवनों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए 375 करोड रूपये का प्रावधान किया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 3 करोड रूपये मरम्मत कार्यों के लिए दिए जा रहे हैं। इस राशि से मरम्मत योग्य सरकारी स्कूल, राजकीय संस्थान एवं आंगनबाडी भवनों की मरम्मत कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जीर्ण-क्षीर्ण एवं मरम्मत योग्य सरकारी भवनों, विद्यालयों एवं आंगनबाडी केन्द्रों की मरम्मत के लिए स्थानीय विधायक कोष से भी वार्षिक आवंटन की 20 प्रतिशत तक की राशि की अनुशंषा की जा सकती है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों बोरखंडी स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 12 वीं कक्षा में पढाई के दौरान छत से प्लास्टर गिरने की घटना को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पूछा कि इस घटना के बाद किसके खिलाफ क्या एक्शन लिया गया।

दक ने कहा कि इस प्रकार के हादसों के बाद प्रभावी कार्रवाई हो तो झालावाड़ के पीपलोदी गांव के स्कूल में हुए हादसे जैसी घटनाओं को समय रहते रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। दक ने कहा कि जमीनी स्तर पर पहुंचे बिना किसी भी समस्या का निराकरण नहीं हो सकता। अधिकारी निरंतर फील्ड में जाकर आमजन से रूबरू हों। जहां कार्य चल रहे हैं वहां मौके पर जाकर गुणवत्ता देखें। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी स्कूलों में जाकर शिक्षण कार्य के साथ ही स्कूल बिल्डिंग की स्थिति का भी जायजा लें। जिले में लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं नगर निगम आवश्यक संसाधनों की पूरी व्यवस्था रखे। नावों की कमी नहीं हो और समय पर उपलब्धता हो। प्रभारी मंत्री ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता वाटरशेड अशोक कुमार अंबेश से जिले में भूजल की स्थिति के बारे में पूछा। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने भी उनके विधानसभा क्षेत्र में करवाए गए जलग्रहण विकास के कार्यों के बारे में पूछा।

एसीएई वाटरशेड द्वारा दोनों सवालों का जवाब नहीं दे पाने पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई और कहा कि जिले में कहां कितना भूजल स्तर है इसकी जानकारी भी आपको नहीं है फिर जलग्रहण विकास के कार्य आपने किस आधार पर शुरू किए। आपके पास विभाग से संबंधित सारे आंकडे होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में अधिकारी अद्यतन सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित हों।

खर्चे कम कर रेवेन्यू बढ़ाएं- प्रभारी मंत्री ने केडीए अधिकारियों से चंबल रिवर फ्रंट के खर्चे कम कर वहां रेवेन्यू बढ़ाने के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूछा कि प्रतिदिन कितने टूरिस्ट रिवर फ्रंट देखने के लिए आते हैं। पंच गौरव योजना की समीक्षा करते हुए दक ने कहा कि कुटीर उद्योगों एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करें।

उन्होंने बुनकर संघों को पुनर्जीवित करने एवं नए संघ तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कोटा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती मंजू राजपाल, जिला कलक्टर पीयूष समारिया,एडीएम सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला, एडीएम (प्रशासन) मुकेश चौधरी, सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने हवा में फायरिंग कर पिकअप का पीछा किया, माल सहित पिकअप छोड़कर भागा चालक

- **1238 किलो डोडा चूरा बरामद, सीबीएन की कार्यवाही**

**कोटा,** (निसं)। मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा टीम ने जिला चितौड़गढ़ के कनेरा से भावलिया गांव कच्चा रोड पर कार्यवाही करते हुए पिकअप से 1238.970 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया।

कार्यवाही के दौरान टीम ने पिकअप चालक को रूकने का इशारा किया जिस पर चालक ने वाहन रोका नहीं बल्कि तेज गति से भगाने लगा जिस पर टीम ने हवा में फायरिंग भी की लेकिन चालक ने वाहन को नहीं रोका तब टीम ने पिकअप का पीछा किया तो चालक माल सहित वाहन को रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। टीम ने पिकअप से अवैध डोडा चूरा जब्त किया। यह कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि गुजरात नम्बर वाली एक बोलेरो पिकअप में नीमच क्षेत्र से जोधपुर की ओर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा तस्करी के लिये जा रहा है।

उक्त सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और वाहन की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद श्रीपुरा तिराहा के पास वाहन को रुकने का इशारा किया।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम को देखकर चालक ने वाहन नहीं रोका और जिला चित्तौड़गढ़ के कनेरा से भावलिया गाँव कच्चा रोड की ओर वाहन को भगाने लगा।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि इस पर टीम द्वारा एक राउंड हवाई फायरिंग की गई, फिर भी चालक नहीं रुका। इसके बाद सीबीएन अधिकारियों ने कई किलोमीटर तक पिकअप का पीछा किया लेकिन चालक अंधेरे और बारिश का फायदा उठाकर वाहन को रास्ते में छोड़कर मौके से भाग गया।

टीम ने जब्त किये गये वाहन की तलाशी लेने पर पिकअप से 1238.970 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया। कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद टीम ने बरामद अवैध डोडा चूरा और बोलेरो पिकअप को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जब्त कर किया। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

## हरियाली तीज पर सघन वृक्षारोपण

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन एवं स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली तीज के अवसर पर कर्णेश्वर योजना एवं वन विभाग की भूमि पर सेव नेचर, सेव लाइफ-प्रकृति बचेगी तो जीवन बचेगा अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। निरंतर हो रही तेज बारिश के बीच पर्यावरण प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु भगवती प्रसाद सारस्वत, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी तथा राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एडवोकेट गिरिराज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। सभी ने बड़, पीपल, नीम, बिल्वपत्र, अशोक, जामुन, शमी और गुलमोहर जैसे छायादार एवं फलदार पौधे लगाए।

# शतरंज दिमाग और संयम का खेल है : ऊर्जा मंत्री

- **आर नैतिक मेहता बने शतरंज के चैम्पियन**
- **राष्ट्रीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का समापन**

**कोटा,** (निसं)। शतरंज दिमाग और संयम का खेल है। कोटा में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होना गर्व की बात है। यह बात ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को राधिका रिसोर्ट में चल रही नेशनल चैस प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में यहां पर प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिसमें 7 साल के खिलाडी से लेकर बड़ी उम्र के खिलाड़ी भी मौजूद हैं, यह खुशी की बात है। ऊर्जा मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को कोटा आने पर बधाई प्रेषित की। उन्होंने भविष्य में आश्वासन दिया कि वे हमेशा खेल एवं खेल प्रेमियों के समर्थन के लिए हरसंभव मदद करेंगे।

इस दौरान नागर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान आर नैतिक मेहता शतरंज प्रतियोगिता के चैम्पियन बने। चैम्पियन को दिए 20 हजार नकद कुल 1 लाख 21 हजार नकद दिए एवं ट्रॉफी मेडल एवं सर्टिफिकेट वितरण किए गए।

इस अवसर पर कोटा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, एलेन कोचिंग के निर्देशक गोविंद महेश्वरी एवं नरेंद्र मखीजा, संभागीय आयुक्त राजेंद्र शेखावत रहे। विशिष्ट अतिथि सर्व ब्राह्मण समाज के संभाग के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ए आर एन ग्रुप के अध्यक्ष नीरज त्रिवेदी, दीपक राजवंशी, प्रेमशंकर शर्मा बबलू लोकेंद्र पालीवाल पुलिस उप अधीक्षक एवं विवेक राजवंशी नगर निगम नेता प्रतिपक्ष, शुभम ग्रुप के डायरेक्टर अरुण मेहता, अंता प्रधान प्रखर कौशल एवं सनी भाटिया मौजूद रहे।



**कोटा में हुई शतरंज प्रतियोगिता में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शिरकत की है।**

# प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति राजस्थान की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सेवन वंडर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुई। कोटा संभाग के कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ जिलों से लगभग 84 दवा विक्रेता शामिल हुए।

मुख्य अतिथि कोटा केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव नरेश कुकरेजा रहे। मंच पर संरक्षक सचिन गोयल, उपाध्यक्ष राकेश सोनी, सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष मनीष सोनी और मीडिया सेल प्रभारी मुस्तफा दवावाला उपस्थित थे। अध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय ने दवा विक्रेताओं से अपील की कि वे चिकित्सकों द्वारा लिखित दवाइयां ही लाभार्थियों को दें।

इससे गलत प्रैक्टिस पर रोक लगेगी, प्रलोभन की स्थिति समाप्त होगी और सरकारी योजना की लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि आरजीएचएस योजना का उद्देश्य लाभार्थियों तक



**दवा विक्रेताओं की संभाग स्तरीय कार्यकारिणी का गठन हुआ।**

गुणवत्तापूर्ण दवाइयां पहुंचाना है, जिसमें सभी दवा विक्रेताओं का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि समिति के राज्यभर में 1000 सदस्य हैं और इसे 7 संभागों में विभाजित किया गया है। योजना में आए दिन नए नियम व सर्कुलर जारी होते रहते हैं। पहले योजना वित्त विभाग के अधीन थी, अब इसे स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया है। बिना ठोस कारण बिलों पर क्वेरी लगाने से भुगतान में देरी हो रही है, जिससे दवा विक्रेता और लाभार्थी दोनों प्रभावित होते हैं।

चिकित्सकों की पर्चियों में त्रुटि होने पर केमिस्ट के बिलों पर आपत्ति लगाना अन्यायपूर्ण है। पीडी आरजीएचएस शिप्रा विक्रम ने बहुत सारी समस्याओं पर संज्ञान लिया है और जल्द ही आ रही समस्याओं पर कड़े कदम उठाने का आश्वासन दिया है और इसीलिए आरजीएचएस पोर्टल क्यूरी का सिस्टम शुरू किया है। सचिव रवि गुप्ता ने कहा कि सरकार पर लगभग 500 करोड़ रुपये का बकाया लंबित है, जिसका शीघ्र भुगतान जरूरी है।

डोर-स्टेप डिलीवरी योजना से लाभार्थियों को घर पर दवा पहुंच सकेगी और संगठन को नया उत्साह मिलेगा। बैठक में कोटा संभाग की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष अभिनव पारीक, सचिव अरुण शर्मा और उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष कमल पुरवानी को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य में प्रहलाद बिलिया बूंदी, यश गोयल झालावाड़, किशन शर्मा और आशीष मारु कोटा को नियुक्त किया गया। वहीं सलाहकार समिति में सी.के. खंडेलवाल, विजय जैन, विनोद जैन, मुकेश नगर, विक्रम सिंह तोमर, सुरेश सुखवानी, नितिन अग्रवाल और शैलेश गोधा को मनोनीत किया गया।

## ठगी के मामले में फरार शातिर दो ठग मुम्बई से गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतवाली पुलिस टीम ने ठगी के दर्ज पुराने मामले में कार्यवाही करते हुए करीब एक साल से फरार चल रहे ठगी के दो आरोपियों को मुम्बई से गिरफ्तार किया है।

शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि ठगी के मामले में फरार चल रहे ठगो की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक राजेश टेलर के निर्देशन में रामपुरा कोतवाली कें उप निरीक्षक थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने आरोपी तुषार मधुसूदन पोरे, व जिगर चंद्रकांत ठगो की गिरफ्तारी के लिये जगह-जगह संभावित स्थानों पर दबिश दी। लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लगने पर ठगो के खिलाफ एक-एक हजार के ईनाम की घोषणा की गई।

एएसपी ने बताया कि गठित टीम ने ठगो के मोबाईल नम्बर कॉल डिटेल का विशलेषण किया तो मामले में सामने आया कि दोनो ठगो का घटना से पूर्व दिल्ली व मुम्बई में कई बार आना-जाना हुआ था। एएसपी ने बताया कि मुखबीर से ठगो के मुम्बई में होने की जानकारी मिली जिस पर टीम को रवाना किया गया और ठगो की तलाश के लिये गठित टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए आरोपी मुम्बई निवासी तुषार मधुसूदन पोरे (42) एवं जिगर चंद्रकांत ओझा (44) को मुम्बई से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया।

शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि 25 मई 2024 को फरियादी प्रवीण खण्डेलवाल ने रामपुरा कोतवाली में रिपोर्ट दी थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि रामपुरा के जीवन कटला शिवाजी मार्केट में उसकी एक फर्म भूमि सेल्स कारपोरेशन प्रो. प्रवीण खण्डेलवाल के नाम से है। रिपोर्ट में कहा कि मेरी दुकान से राधा कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी कोटा प्रोपराईटर तुषार मधुसुदन पोरे एवं जिगर व एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर 4,50,000 की रकम के काजू लेकर फरार हो गए। एएसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर ठगी के दोनो आरोपियों तुषार मधुसुदन पोरे एवं जिगर चंद्रकांत को मुम्बई से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

# शिक्षा मंत्री के अपने ही विधानसभा क्षेत्र के स्कूल की छत टपकती मिली, बच्चे डर के साये में पढ़ाई को मजबूर

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री की अपनी विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के ग्राम धर्मपुरा स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की हालत बदहाल मिली।

उपमहापौर नगर निगम कोटा दक्षिण पवन मीणा ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया जहां अधिकांश कक्षाओं की छतें टपकती हुई पाई गई। छात्रों से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि वे कक्षाओं के भीतर बैठकर पढ़ने से डरते हैं और मजबूरी में लॉबी में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि झालावाड़ जिले की विद्यालय छत गिरने की घटना के बाद वे डरे हुए हैं और अब खुद को कक्षा के भीतर सुरक्षित महसूस नहीं करते।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा चुकी है परंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई और स्कूल की हालत जस की तस बनी हुई है।

उपमहापौर पवन मीणा ने इस स्थिति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब शिक्षा मंत्री के अपने क्षेत्र के स्कूलों का यह हाल है तो बाकी राजस्थान की क्या स्थिति होगी इसका अंदाज़ा लगाना मुश्किल नहीं। यह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है कि जहां बच्चों को सुरक्षित शिक्षा मिलनी चाहिए वहां वे अपनी जान को खतरे में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए।



**रामगंजमंडी विधानसभा के धर्मपुरा में बच्चे कक्षाओं के भीतर बैठकर पढ़ने से डरते हैं और मजबूरी में लॉबी में बैठकर पढ़ाई कर रहे है।**

## देवेश और देबदत्ता की उपलब्धि को सराहा

**कोटा,** (निसं)। कॅरियर और केयर सिटी कोटा के विद्यार्थी अपनी उपलब्धियों से देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। भारतीय प्रतिभाओं के इस प्रदर्शन को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहा है। रविवार को प्रसारित हुए मन की बात के 124वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवेश पंकज भैया व देबदत्ता प्रियदर्शी की उपलब्धि को सराहा है। ये दोनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं। कैमेस्ट्री ओलम्पियाड का फाइनल यूएई में हुआ, जिसमें 4 स्टूडेंट्स ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था, इसमें दो एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्स थे। देवेश पंकज भैया ने गोल्ड मैडल तथा देबदत्ता प्रियदर्शी ने सिल्वर मैडल जीता। देवेश ने कक्षा 12 के साथ तथा देबदत्ता ने कक्षा 10 के साथ परीक्षा देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले हमारे छात्रों ने इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में मैडल जीते हैं।

# 'एक पेड़ मां के नाम अभियान से आमजन को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिली'

**मांडलगढ़,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को मांडलगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत दौलपुरा पंचायत के चारागाह में 35 हेक्टेयर में 51 हजार पौधारोपण करने के महाअभियान की शुरुआत की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चारागाह में पौधे लगाने का 90 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया हैं। दौलपुरा पंचायत की चारागाह में 51 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य में करीब 40 हजार फल, फूल और छायादार पौधे लगाए जा चुके हैं।

समारोह में मौजूद जनसमूह को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा ने कहा कि आमजन अधिकाधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के संरक्षण ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मिशन में अपना योगदान दें। डॉ. बैरवा ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि पौधरोपण अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक है, बल्कि समाज में पेड़-पौधों के प्रति संवेदनशीलता और आदर भाव भी उत्पन्न करता है। विधायक ने मुख्यमंत्री के हरियालो राजस्थान अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।



मांडलगढ़ के दौलपुरा गांव की चारागाह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण किया।

- उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मांडलगढ़ उपखंड के दौलपुरा में 35 हेक्टेयर में 51 हजार पौधारोपण करने के महाअभियान की शुरुआत की
- दौलपुरा पंचायत की चारागाह में 51 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य में करीब 40 हजार फल, फूल और छायादार पौधे लगाए जा चुके हैं

इस मौके पर विधायक ने मांडलगढ़ में परिवहन कार्यालय खोलने और मानपुरा से महुआ तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई सड़क के जल्द नवीनीकरण करने की मांग उप मुख्यमंत्री से की। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द्र बैरवा और मौक़े पर मौजूद जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों का मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, दौलपुरा सरपंच रामजस दाधीच ने अभिनंदन किया। वहीं उप मुख्यमंत्री को 51 किलो फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल, मांडलगढ़ पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह सिद्धू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, मांडलगढ़ एसडीम मनमोहन शर्मा, डीएसपी बाबूलाल विश्नोई, विकास अधिकारी संगीता व्यास, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला परिषद सदस्य हरि लाल जाट, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, महुआ सरपंच प्रतिनिधि मुकेश खटीक, अधीक्षण अभियंता गोपाल टेलर, रामलाल भील,भाजपा महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी, जीएसएस अध्यक्ष लादूलाल धाकड़, युवा भाजपा नेता बजरंग मंत्री, सत्यनारायण वैष्णव, रलायता प्रशासक प्रेम देवी मौती लाल जाट, बरूंदनी प्रशासक गजेंद्र साहू सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एंव आमजन उपस्थित रहे।

# "एरिया डोमिनेशन अभियान" के तहत आरोपी गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा पुलिस थाना टीम ने एरिया डोमिनेशन के अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार, अवैध खनन, अवैध शराब, स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, सक्रिय अपराधी, सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्तमान में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीमो द्वारा एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दबिश के दौरान एक देसी पिस्टल जप्त कर अभियुक्त नितेश सैनी पुत्र कैलाश चंद निवासी मोडाला की ढाणी तन प्रागपुरा को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। वहीं अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली बजरी के जब्त कर मोनू पुत्र माडूराम निवासी भूरीभड़ाज व भैरूराम पुत्र लीलाराम निवासी रामपुरा को गिरफ्तार कर एमडीआर एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। अभियान के तहत अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अभियुक्त नाथूराम पुत्र मानसिंह निवासी कारोली के कब्जे से अवैध शराब के 40 पव्वे जप्त किये जाकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए स्थाई वारंटी गोकुल उर्फ रामनिवास पुत्र लादूराम निवासी ढाणी कुंडली दालेडा को गिरफ्तार किया व बाल न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटों में तीन नाबालिग निरुद्ध करने में सफलता अर्जित की। प्रागपुरा पुलिस थाना टीम ने एरिया डोमिनेशन के अभियान के तहत गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रागपुरा थाना के सक्रिय हिस्ट्रीशीटर अमित पुत्र कैलाश निवासी मंडा सहित सक्रिय अपराधी भूपेंद्र पुत्र मदन लाल, सरवर खान पुत्र मनफूल खान, कृष्ण पुत्र महावीर, अमित कुमार पुत्र गेंदाराम, दीपक सिंह पुत्र ओमप्रकाश, हिमांशु पुत्र विनोद कुमार को गिरफ्तार किया।



प्रागपुरा पुलिस ने एरिया डोमिनेशन के अभियान के तहत कार्रवाई की।

# उदयपुर में सरकारी स्कूल की दीवार ढही, छुट्टी होने से हादसा टला

## रूपावली गांव में स्थित स्कूल में पहली से आठवीं कक्षा तक में 90 बच्चे पढ़ते हैं

**उदयपुर,** (का.सं.)। उदयपुर में वल्लभनगर के रूपावली गांव में स्थित सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार रविवार सुबह गिर गई। रविवार की छुट्टी होने से स्कूल में कोई बच्चा नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस स्कूल में पहली से आठवीं कक्षा तक के 90 बच्चे पढ़ते हैं।

गांव वालों ने बताया कि उन्होंने कई बार स्कूल की टूटी-फूटी हालत की शिकायत स्कूल स्टाफ और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से की थी। इसको लेकर धरना प्रदर्शन भी किया, लेकिन शिक्षा विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। रविवार सुबह जब स्कूल की छत गिरी तो एक गांव वाले ने इसे देखा और तुरंत स्कूल के हेडमास्टर फतहसिंह को खबर की।

उल्लेखनीय है कि यह घटना झालावाड़ के पिपलोदी गांव की दर्दनाक घटना के बाद हुई है जहां कुछ दिन पहले सरकारी स्कूल की छत गिरने से 7 मासूम बच्चों की जान चली गई थी। जानकारी अनुसार जिस बरामदे की छत और दीवार ढही है, उसी छत के नीचे रोज कक्षा लगती थी। रोज बच्चे पढ़ाई करते थे। छत कई सालों से जर्जर अवस्था में थी। बारिश के दिनों में छत से पानी कक्षा में आता था। बीती रात फिर से उदयपुर में बारिश शुरू हुई और सुबह बरामदे की छत गिर गई। अगर आज अवकाश नहीं होता था तो बच्चों की जान खतरे में जा सकती थी।

स्कूल हैड मास्टर फतहसिंह झाला का कहना है कि स्कूल के जर्जर भवन की हालत के बारे में पूर्व में विभाग को अवगत करा दिया था। इसके रिपेयर करने के लिए पैसा पास भी हो चुका है। शायद बारिश बाद इसकी मरम्मत की जाएगी। वर्ष 1984 में ये भवन बना। जिसमें आरसीसी छत नहीं है। पट्टी की छत है।

# ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**मकराना,** (निसं)। भोपाल-जोधपुर ट्रेन से गिरकर एक युवक के गंभीर रूप से घायल हो जाने का मामला सामने आया है। घायल को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरावड़ में प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए कुचामन के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बेसरोली स्टेशन के पास ट्रेन से गिरे गंभीर रूप से घायल युवक रोहिताश पुत्र रामनिवास को गच्छीपुरा सीएचसी की 108 एम्बुलेंस से बोरावड़ सीएचसी लाया गया तथा ड्यूटी चिकित्सक के बार-बार कहने के बावजूद उसे बोरावड़ में ही छोड़कर वापिस चलते बनी। इसके बाद पुलिस चौकी बोरावड़ में सूचना देने पर पुलिसकर्मी बोरावड़ सीएसी पहुंचे जहां घायल का वीडियो बनाकर वापिस चले गए। इधर घायल को डॉ. विनोद सामोता के साथ चिकित्सा कर्मचारियों ने प्राथमिक उपचार दिया तथा 108 एम्बुलेंस से घायल को कुचामन के लिए रेफर किया गया। घायल के सिर में गंभीर चोट तथा हाथ, पैर में फ्रेक्चर बताया गया है।

# पाली का हेमावास बांध ओवरफ्लो

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में हालांकि रिमझिम बारिश हो रही है लेकिन जिले में देसूरी, सांडेराव, सुमेरपुर, बाली क्षेत्र में रविवार को भी अच्छी बारिश हुई। पाली के निकट हेमावास बांध ओवरफ्लो होकर रपट पर बहने लगी जिसे देखने शहरवासी पहुंचे। इधर बेड़ा नदी फिर से तेज गति से बहने के कारण जवाई बांध का जलस्तर बढ़कर 36 फीट के पास पहुंच गया। पाली जिले के 14 बांध ओवरफ्लो चल रहे हैं, जिसमें सरदार समंद, बनियावास राजपुरा, देसूरी बांध, बोमादड़ा पिकअप, सेनीनाल आदि शामिल है।

# कोटा में ठाठ-बाट से तीज माता की भव्य सवारी निकली

## शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, श्रावणी तीज मेले का आगाज

**कोटा,** (निसं)। श्रावणी तीज मेला आयोजन समिति के तत्वावधान में रविवार को कुलकर्णी सभागार से तीज माता की सवारी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विशेष पुष्पों से सुसज्जित बग्गी में सोलह श्रृंगार से सजी धजी तीज माता की सवारी ठाठ-बाट के साथ पारम्परिक मार्ग से निकली। इसके साथ ही 58वें तीज मेले का भी आगाज हो गया।

अध्यक्ष बसंत भरावा तथा संयोजक श्याम भरावा ने बताया कि पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी, सुनीता भरावा, रूपाली भरावा, अलका दुलारी जैन कर्मयोगी, अनुसूईया गोस्वामी, नीलम शर्मा, उषा ठाकुर, निशा गौतम द्वारा तीज माता का मुख्य पूजन कर सुहाग चूडा एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की। शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि शोभायात्रा रवाना होने से पूर्व कुलकर्णी सभागार में समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा थे। अति विशिष्ट अतिथि नगर निगम कोटा दक्षिण प्रतिपक्ष नेता एवं मेला दशहरा एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी थे। अध्यक्षता भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने की। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, राकेश सोरल, फैजल बैग थे। इस दौरान लोक कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

शोभायात्रा कोटा जंक्शन कुलकर्णी हॉल से प्रारंभ होकर शीतला माता चौक, रानी जी की धर्मशाला होते हुए भीमगंजमंडी थाने के सामने से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पर तीज माता की भव्य महाआरती की गई। इस अवसर पर तीज मेला संस्थापक स्वर्गीय नंदकिशोर भरावा, भंवरलाल भरावा को श्रद्धा सुमन समर्पित किए गए। उसके बाद शोभायात्रा का भरावा सदन पर पहुंचकर विश्राम हुआ। शोभायात्रा में तीज माता की सवारी के साथ शिव पार्वती और राधा कृष्ण हनुमान की झांकी भी सजाई गई थी। परंपरागत परिधान लहरिया में सजी संवरी महिलाएं शामिल हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगाए गए थे, जहां से विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं प्रसाद वितरण के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा मार्ग में आयोजन समिति द्वारा 58 किलो घेवर का प्रसाद भी वितरित किया गया।

शोभायात्रा में ख्याति प्राप्त जैमैंनी बैंड की मधुर स्वर लहरिया गूंज रही थी। विभिन्न अंचलों से आए हुए लोक कलाकारों द्वारा कच्छी घोड़ी, अलगोजा, भवई नृत्य समेत अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान अनिल कुमार शर्मा, लक्ष्मीनारायण गर्ग, नरेश कारा द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का शॉल स्मृति चिन्ह एवं मोतियों की माला से स्वागत किया गया। शोभायात्रा के साथ ही स्टेशन स्थित हाट बाजार में लगने वाला 11 दिवसीय तीज मेले का भी आगाज हो गया। मेले में 11 दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मेले में दूरदराज से व्यापारी पहुंच चुके हैं। पहले दिन चकरी, झूले, खिलौने की दुकानें, चाट पकौडे की स्टाल पर खासी भीड़ रही। इस दौरान सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ प्रारंभ खाटूश्याम बाबा के जागरण के साथ होगा। इसके बाद ही 29 जुलाई को लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 6 अगस्त को विदाई समारोह कार्यक्रम के साथ ही मेले का समापन होगा।



कोटा में सौलह श्रृंगार से सजी तीज माता की सवारी निकाली गई।

# बीमार चल रही मोती हथिनी को नई जिन्दगी मिली

**उदयपुर,** (निसं)। पिछले कुछ समय से बीमार चल रही हथिनी मोती को आखिरकार राहत की सांस मिली है। कुछ सप्ताह पूर्व एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उसके महावत द्वारा अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था। इस घटना के बाद वाइल्ड लाइफ (मथुरा) की टीम उदयपुर पहुंची और मोती का हेल्थ का परिक्षण किया।

स्वास्थ्य परीक्षण में सामने आया कि मोती को न तो पोषणयुक्त भोजन मिल रहा था और न ही उचित चिकित्सा। उसका वजन असामान्य रूप से बढ़ चुका था और वह गंभीर गठिया से पीड़ित थी। उसके पैरों की हालत अत्यंत खराब थी और वह मुश्किल से चल पा रही थी।

यह भी सामने आया कि स्थानीय लोग अनजाने में उसे मिठाई और आलू जैसे नुकसानदेह खाद्य पदार्थ खिला रहे थे, जिससे उसकी हालत और बिगड़ती जा रही थी, लेकिन सबसे दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जब पहले रामू और मोती दोनों को वनतारा वाइल्ड लाइफ मथुरा भेजने का प्रस्ताव रखा गया था, तब उदयपुर के कुछ तथाकथित पशु प्रेमियों ने इसका विरोध किया।

उन्होंने रामू को शिफ्ट करने से रोक दिया और मोती को भी यहीं रखने की जदि पर अडे रहे। अब वन विभाग ने इस बार किसी प्रकार की चूक न करते हुए मोती के मामले को गंभीरता से लिया और टीमों की मदद से मोती को स्थायी रूप से वनतारा में स्थानांतरित कर दिया है। अब मोती विशेषज्ञों की देखरेख में प्रेम, सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं के बीच अपना जीवन शांति से व्यतीत कर सकेगी।

# अवैध गांजे से भरी कार जब्त, दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के बैकरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी तोड़कर भागी कार का पिछा कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर अवैध गांजे सहित कार बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह मय टीम ने रविवार तड़के नाकाबंदी के दौरान कोटड़ा की तरफ से आ रही कार को रूकने का इशारा किया, जिस पर चालक नाकाबंदी तोड़ कर भागा, जिस पर पिछा कर सुरगों के बीच कार को रोक कर उसमें सवार बेमाली करोड़ा भीलवाड़ा निवासी ललितगिरी तथा विनोद लौहार को गिरफ्तार किया।

# पर्यावरण संरक्षण और सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार कृत संकल्पित : भूपेंद्र यादव

**अलवर,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से प्रेरित "हरियालो राजस्थान अभियान" के तहत हरियाली तीज के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत रविवार को कटी घाटी स्थित कन्या उपवन में वन महोत्सव-हरियालो राजस्थान 2025 का जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शिरकत की। "हरियालो राजस्थान अभियान" के तहत अलवर जिले में एक दिन में 10 लाख पौधे लगाये गये।

भाजपा मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने उपस्थित आमजन को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया गया, उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण शपथ दिलाई तथा कार्यक्रम में अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है अलवर को विकास, पर्यटन एवं स्वच्छता की दृष्टि से बढ़ावा मिले, इसके लिए गत वर्ष से अलवर को स्वच्छता में आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किए गए व स्वच्छता कार्य के लिए अधिक फंड उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयासों की वजह से अब स्वच्छता रैंकिंग में अलवर को देशभर के शहरों में 54 वां स्थान मिला, जो की पहले 354 वां स्थान था, वहीं 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अलवर को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि यह सुधार अलवर के नागरिकों के कल्चरल एवं बिहेवियर चेंज को दर्शाता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री तथा कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है हमें प्राण वायु प्रदान करते हैं, ग्लोबल वार्मिंग, प्रकृति के दोहन एवं प्रदूषण की वजह से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधे लगाना अति आवश्यक है। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आव्हान किया। उप वन संरक्षक अलवर राजेन्द्र हुड्डा ने बताया कि कटी घाटी स्थित कन्या उपवन में वन महोत्सव-हरियालो राजस्थान 2025 का जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम में अतिथियों की अगुवाई में कन्या उपवन में वन विभाग, आईटीबीपी रामगढ़, एसएसबी मौजपुर के जवानों, पुलिस, एनसीसी, स्काउट, गाइड, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, ईको क्लब, व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मियावाकी पद्धित से विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष अलवर जिले को 30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरूद्ध अब तक जिले में 23 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं तथा जिलेभर में 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, डीआईजी एसएसबी संजीव यादव, डीआईजी आईटीबीपी संजय कोठारी, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, सीसीएफ संग्राम सिंह कटियार, डीएफओ अलवर राजेंद्र हुड्डा, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु साहरण, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रविंद्र, युआईटी सचिव श्रीमती स्नेहल नाना धीग्दे, प्रधान दौलतराम जाटव, बन्नाराम मीणा,घनश्याम गुर्जर, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, नरेश गोयल, हरिशंकर खण्डेलवाल, जितेन्द्र सैनी, जितेंद्र शर्मा, सतीश यादव, महेश निहालवानी, जगदीश अटल, संध्या महेश मीणा, सुमन चौधरी, जितेंद्र राठौड, सीताराम चौधरी, सोनू चौधरी, अरूण जैन, के.जी खण्डेलवाल, अमित गोयल, गोरधन सिसोदिया, अशोक वर्मा, मुकेश विजय, राजेन्द्र कसाणा, रामवतार चौधारी, देशराज खरेरा, ईश भारद्वाज सहित गणमान्य नागरिक, अर्ध सैनिक बलों, राजस्थान पुलिस, एनसीसी, स्काउट गाइड के जवान, छात्रा-छात्राएं तथा आमजन मौजूद रहे।



अलवर में कटी घाटी स्थित कन्या उपवन में वन महोत्सव-हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण किया।

- कटी घाटी स्थित कन्या उपवन में वन महोत्सव-हरियालो राजस्थान 2025 का जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ

# बारिश से खेतों में पानी भरा, फसलें गलने से किसानों की चिंता बढ़ने लगी



छबड़ा में बारिश से खेतों में खड़ी फसल में पानी भरा हुआ है।

**छबड़ा,** (निसं)। एक ओर लगातार हो रही बारिश जहां आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह मौसम एक गंभीर चुनौती बन गया है। खेतों में खड़ी खरीफ फसलें जलभराव से जूझ रही हैं, जिससे उत्पादन पर बड़ा असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि अधिकांश खेतों में अभी भी फसलें खड़ी हैं। जिनमें लगातार बारिश से पानी भर गया है, जिसके कारण फसलें नष्ट होने के कगार पर हैं। वहीं, कई स्थानों पर फसलें बड़ी होने के कारण आडी पड़ चुकी हैं। पूर्व के वर्षों में भी खरीफ की पैदावार पर असर पड़ा था। इस वर्ष भी लगातार बारिश से किसानों की रही सही उम्मीदों पर भी पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है। लगातार बारिश होने से किसान एक बार फिर चिंता में डूब गए हैं। दिन-रात कड़ी मेहनत करने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि बढ़िया बारिश होने से खेत सोना उगलेंगे, लेकिन प्राकृतिक आपदा के चलते खेतों में पानी भरने से सोयाबीन एवं उड़द आदि की फसल में नुकसान की आशंका है।

किसान शंकरलाल ने बताया कि खेती की पैदावार का किसान के संपूर्ण परिवार पर असर पड़ता है। वर्तमान में भी किसानों ने महंगा बीज व हंकाई-जुताई के साथ-साथ कीटनाशकों व अन्य कृषि कार्यों में हजारों रुपया खर्च किया है, लेकिन क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण फसलों को पर्याप्त धूप व अनुकूल तापमान नहीं मिलने के कारण व खेतों में पानी भराव तथा अधिक नमी के चलते फसलें विकसित होने की बजाय खराब होने की आशंका है। नुकसान का तत्काल प्रशासन की ओर से सर्वे करवाने की मांग की गई है। कृषक भूरा ने बताया कि सोयाबीन की फसल की बुवाई के बाद अच्छी बारिश के कारण किसानों के खेतों में सोयाबीन की फसल लहलहाने लगी थी, लेकिन लगातार बारिश होने के कारण पैदावार पर असर पड़ने लगा था।

कृषक नंदकिशोर ने बताया कि पिछले तीन-चार सालों से लगातार किसान दोहरी मार झेल रहा है। इस वर्ष रबी की फसल में एकदम से गर्मी पड़ने के कारण पैदावार कम हो गई थी। गेहूं की पैदावार में कमी दर्ज की गई थीं। वहीं इस वर्ष सोयाबीन आदि की फसल में तेज बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया। उसके बाद अब खेतों में फसलों के साथ कीचड़ नजर आ रहा है। जिससे फसल खराब होने लगी है। किसान रामदयाल धाकड़ ने बताया कि लगातार हुई बारिश के चलते चारों ओर पानी ही पानी हो जाने से खेतों में अधिक मात्रा में पानी भर गया, जिससे फसलें खराब होने का खतरा मंडरा रहा है।

